C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 294 | बिजौलिया - शुक्रवार, 01 मई ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

## श्मशान में 'पैसों की बारिश' का झांसा, तांत्रिक गिरोह का भंडाफोड़

**भीलवाड़ा फोकस @ बांसवाड़ा।**



अंधविश्वास के नाम पर लोगों को ठगने वाले एक गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। सज्जनगढ़ थाना क्षेत्र के पाडी लसोड़िया गांव स्थित श्मशान घाट पर आधी रात तंत्र-मंत्र के जरिए 'पैसों की बारिश' कराने का दावा करने वाले 8 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों में दो मास्टरमाइंड भी शामिल हैं, जो लोगों को झांसे में लेकर मोटी रकम वसूलते थे।

पुलिस ने बताया की बुधवार देर रात करीब 12:40 बजे मुखबिर की सूचना पर टीम ने श्मशान घाट पर दबिश दी। मौके पर आरोपी घेरा बनाकर तांत्रिक क्रियाएं कर रहे थे। पुलिस ने चारों ओर से घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। इस दौरान बलि के लिए लाया गया मुर्गा और तंत्र-मंत्र में इस्तेमाल होने वाली सामग्री भी बरामद की गई।

मौके से पुलिस को तीन केले, नारियल, अगरबत्ती, माचिस, सिंदूर सहित अन्य पूजन सामग्री मिली। बताया जा रहा है कि आरोपी मुर्गे को शराब पिलाकर उसकी बलि देने की तैयारी में थे और दावा कर रहे थे कि इस अनुष्ठान से पैसों की बारिश होगी।

थानाधिकारी धनपत सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बीमार लोगों को ठीक करने और तांत्रिक क्रिया के जरिए धन प्राप्ति का झांसा देकर यह अनुष्ठान कर रहे थे। यह गतिविधि न केवल अंधविश्वास को बढ़ावा देती है, बल्कि श्मशान घाट जैसे संवेदनशील स्थान पर धार्मिक भावनाओं को भी आहत करती है।

पुलिस ने राजस्थान और मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें सुखलाल और रामरतन कुमावत को इस गिरोह का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने इस तरह की तांत्रिक क्रिया के लिए करीब 50 हजार रुपए भी वसूले थे।

सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि गिरोह पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं।

## अवैध शराब पर सख्ती, आज से 15 मई तक विशेष अभियान



**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए आज से 15 मई तक विशेष निरोधात्मक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। आबकारी विभाग ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत तस्करी, अवैध निर्माण और बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेशभर में यह अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत आबकारी निरोधक दल गश्त, नाकाबंदी और दबिश देकर अन्य राज्यों से आने वाली अवैध शराब पर नजर रखेंगे। संभावित मार्गों और टोल नाकों पर विशेष निगरानी रखते हुए पुलिस के साथ समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अभियान के दौरान फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर भी जोर रहेगा। इसके लिए पड़ोसी राज्यों और संबंधित जिलों की पुलिस से तालमेल स्थापित किया जाएगा। साथ ही स्प्रिट टैंकरों की आवाजाही पर विशेष निगरानी रखते हुए सील की जांच की जाएगी।

आबकारी आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि शराब की दुकानों पर एमआरपी से अधिक कीमत पर बिक्री या बिना होलोग्राम शराब पाए जाने पर संबंधित अनुज्ञाधारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रत्येक दुकान पर नियमानुसार होलोग्राम और निर्धारित दरों का पालन सुनिश्चित करना होगा।

इसके अलावा बिना लाइसेंस शराब बेचने वाले होटल, बार, ढाबों और समारोह स्थलों की भी सघन जांच की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अभियान के तहत जब्त शराब के निस्तारण, नष्टिकरण और मालखाने के लंबित मामलों का निपटारा भी किया जाएगा। साथ ही जब्त वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पूरे अभियान की दैनिक मॉनिटरिंग कर जिलेवार समीक्षा भी की जाएगी, ताकि कार्रवाई में किसी प्रकार की ढिलाई न रहे।

## शिक्षा मंत्री का एक्शन मोड, लंबित प्रकरणों पर मांगी रिपोर्ट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**



शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में गुरुवार को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया गया। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गैर सरकारी विद्यालयों की मान्यता, भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी और उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने गैर सरकारी विद्यालयों के मान्यता और क्रमोन्नति से जुड़े लंबित प्रकरणों, महिला कार्मिकों व छात्राओं के उत्पीड़न मामलों, 16 सीसीए प्रकरणों, एसीबी व पुलिस जांच से संबंधित मामलों सहित भर्ती परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थियों के प्रकरणों की स्थिति जानी और अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए।

बैठक में बोर्ड ऑफ़ सेकेंडरी एजुकेशन राजस्थान के परीक्षा परिणामों और प्रवेशोत्सव की भी समीक्षा की गई। विभाग की ओर से चार दिवसीय सघन हाउस होल्ड सर्वे और प्रवेशोत्सव के चलते इस वर्ष राजकीय विद्यालयों में 69 लाख से अधिक नामांकन होने पर मंत्री ने संतोष जताया और विभागीय टीम को बधाई दी।

इसके साथ ही आगामी पौधारोपण कार्यक्रम को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि विद्यालय स्तर पर अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा राजेश यादव , निदेशक सीताराम जाट सहित राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, संयुक्त सचिव महेन्द्र खींची, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सीमा शर्मा और अशोक कुमार मीणा समेत विभिन्न प्रकोष्ठों के अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस लाइन के पास जर्जर कियोस्क हटे, निगम की कार्रवाई से ट्रैफिक को राहत




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में बढ़ते अतिक्रमण और उससे पैदा हो रही यातायात समस्या के बीच नगर निगम ने पुलिस लाइन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच जर्जर व अनुपयोगी कियोस्क हटाकर रास्ता साफ किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

गुरुवार को निगम की टीम पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर के पास पहुंची, जहां लंबे समय से उपयोग में नहीं आ रहे कियोस्क खड़े थे। खाली पड़े इन ढांचों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगा था, जिससे आसपास के लोगों को परेशानी हो रही थी। साथ ही सड़क किनारे बने होने के कारण यहां रोजाना जाम की स्थिति बनती थी।

स्थानीय लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निगम ने जेसीबी मशीन की मदद से सभी कियोस्क को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे और लंबे समय से चली आ रही समस्या के समाधान पर संतोष जताया।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया की शहर में ऐसे कई अन्य स्थान भी चिन्हित किए गए हैं जहां जर्जर और अनुपयोगी ढांचे यातायात में बाधा बन रहे हैं। आने वाले समय में इन पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी, ताकि शहर में अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

## हाईवे पर धधकी कैश वैन, 5 करोड़ रुपए बाल-बाल बचे

**भीलवाड़ा फोकस @ टोंक ।**



जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 पर कैश लेकर जा रही बैंक वैन में गुरुवार को अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि वैन में रखे करीब 5 करोड़ रुपए समय रहते सुरक्षित निकाल लिए गए और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार एचडीएफसी बैंक की कैश वैन जयपुर से भीलवाड़ा की ओर जा रही थी। वैन में तीन बक्सों में भारी मात्रा में नकदी रखी हुई थी। जैसे ही वैन निवाई क्षेत्र में 80 फीट रोड स्थित ओवरब्रिज पर पहुंची, अचानक बोनट से धुआं निकलने लगा। ड्राइवर ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए वाहन को रोका और बोनट खोलकर देखा तो आग की लपटें उठने लगीं।

वैन में मौजूद दो गार्ड और ड्राइवर ने बिना समय गंवाए सूझबूझ का परिचय देते हुए पहले कैश से भरे तीनों बक्सों को बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर रखा। आग तेजी से फैलते हुए वैन के टायर, सीटें और प्लास्टिक बॉडी को अपनी चपेट में ले गई, जिससे वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना मिलते ही निवाई थाना पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। करीब 25 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। थाना प्रभारी घासीराम के अनुसार प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही बैंक की निवाई शाखा के प्रबंधक गिरिराज प्रसाद भी मौके पर पहुंचे। बाद में नकदी से भरे बक्सों को एनएचएआई की गाड़ी के माध्यम से सुरक्षित शाखा तक पहुंचाया गया।

हादसे के चलते हाईवे पर करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सुचारू कराया। राहत की बात यह रही कि इस पूरी घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## सुवाणा तालाब में डूबा युवक, एसडीआरएफ ने निकाला शव

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



सुवाणा गांव में नहाने गए एक युवक की तालाब में डूबने से गुरुवार को मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव बाहर निकाला।

पुलिस ने बताया कि मृतक रेहान (20) पुत्र इमरान रईन निवासी कांधला, जिला शामली (उत्तर प्रदेश) सुवाणा में एक फर्नीचर की दुकान में काम करता था। गुरुवार को वह अपने साथियों ईशान और अरमान के साथ तालाब पर नहाने गया था। इस दौरान अचानक पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।

साथियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। जिला मुख्यालय से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया, जिसने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है और परिजनों को सूचना दे दी है। शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को किया जाएगा।

C M Y K

# भाजपा प्रभारी के बयान पर नाराजगी, पायलट के विरोध में की गई बयानबाजी का कांग्रेस ने किया प्रदर्शन




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भाजपा के प्रदेश प्रभारी के बयान को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सूचना केंद्र चौराहे पर एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और बयान को लेकर कड़ी नाराजगी जताई।

दरअसल, राधा मोहन अग्रवाल द्वारा सचिन पायलट के खिलाफ दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पोस्टर बनाकर विरोध दर्ज कराया, जिन पर आपत्तिजनक शब्द लिखे गए थे। महिलाओं ने भी प्रदर्शन में भाग लेते हुए पोस्टरों पर जूते-चप्पल मारकर आक्रोश जताया।

कांग्रेस शहर जिलाध्यक्ष जी.पी. खटीक ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के खिलाफ दिया गया बयान निंदनीय और अशोभनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकार की भाषा का प्रयोग राजनीतिक स्तर को गिराने वाला है और इससे साफ है कि भाजपा नेता सस्ती राजनीति कर रहे हैं।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने तीखी नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि यदि इस तरह की टिप्पणियां जारी रहीं तो विरोध और तेज किया जाएगा। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध दर्ज कराया और अपने नेता के समर्थन में एकजुटता दिखाई।

# स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार पर जोर, स्टेट नोडल अधिकारी ने किया आसींद ब्लॉक का निरीक्षण





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से स्टेट नोडल अधिकारी डॉ. अभिनव अग्रवाल ने आसींद ब्लॉक के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का विस्तृत निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि इस निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान डॉ. अग्रवाल ने सीएचसी आसींद, सीएचसी अटाली, उपकेंद्र परासोली, मॉडल स्कूल आसींद एवं ब्लॉक कार्यालय का दौरा किया। उन्होंने अस्पतालों में भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर सेवाओं की गुणवत्ता का फीडबैक लिया और सुधार के निर्देश दिए। साथ ही, चिकित्सा कार्मिकों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वयं मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार संबंधी सलाह भी दी।

हीट वेव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी आसींद में डायलिसिस मशीन, ब्लड स्टोरेज यूनिट एवं बीपीएचयू को शीघ्र शुरू करने के निर्देश भी दिए।

स्कूल निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों को आयरन टेबलेट की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही ब्लॉक सीएमएचओ को आगामी 7 दिनों में सभी उपकेंद्रों का अनिवार्य निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए।

डॉ. अग्रवाल ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनमें आवश्यक सुधार लाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीतम चंद गुप्ता, डॉ. भंवर लाल शर्मा (सीएचसी आसींद), डॉ. रामावतार (अटाली), बीपीओ जाकिर हुसैन, बीएनओ महेंद्र पारीक सहित अन्य अधिकारी एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# रात्रि चौपाल में उठी समस्याएं, अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश




भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां ।

**रमेश गुर्जर।** उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सदाराम जी का खेड़ा में गुरुवार को आयोजित रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। कार्यक्रम के प्रति लोगों में खासा उत्साह नजर आया।उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़ ने मौके पर ही शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। चौपाल में राजस्व, विद्युत, जलदाय, पीडब्ल्यूडी और पंचायती राज विभाग से संबंधित कुल 16 प्रकरण सामने आए।

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। इस दौरान तहसीलदार ललित डीडवानिया , विकास अधिकारी अशेष शर्मा सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बेटियों की सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदमः सांसद दामोदर अग्रवाल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान का पोस्टर किया विमोचन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को सांसद दामोदर अग्रवाल ने अभियान के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं से टीकाकरण करवाकर इस महत्वपूर्ण पहल का लाभ उठाने का आह्वान किया।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीनेशन सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से बालिकाओं को सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपनी बेटियों को समय पर टीका लगवाकर इस अभियान को सफल बनाएं।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत लक्षित आयु वर्ग की बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। साथ ही, स्कूलों एवं चिकित्सा संस्थानों के माध्यम से व्यापक जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जा रही हैं, ताकि अधिक से अधिक बालिकाएं इस अभियान का लाभ उठा सकें।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण, सहायक प्रशासनिक अधिकारी आशीष पंचोली, नर्सिंग कॉलेज से रविंद्र ट्रेलर सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# छोटा रुणिचा धाम में जगत कल्याण हेतु हवन व विशेष पूजा-अर्चना का हुआ आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

**मानव तिवाड़ी।** छोटा रुणिचा धाम में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर माँ छिन्नमस्तिका के प्रकट दिवस पर विशेष पूजा-अर्चना एवं हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार और भक्ति भाव का माहौल बना रहा। धाम के गादीपति महंत हीरालाल जोगी ने बताया कि माँ छिन्नमस्तिका दस महाविद्याओं में से एक हैं, जो साहस, शक्ति और त्याग का प्रतीक मानी जाती हैं। उनका स्वरूप शत्रु नाश, कार्य सिद्धि तथा आध्यात्मिक जागृति का संदेश देता है। इसी के साथ भगवान विष्णु के चौथे अवतार नरसिंह भगवान का भी स्मरण करते हुए पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर परिसर में हवन कर जगत कल्याण, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। कार्यक्रम में मंदिर कमेटी के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जन-जन तक पहुंच रही विकास की सौगात, ग्राम रथ अभियान से बदल रही राजस्थान के गांवों की तस्वीर

## अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा ग्राम रथ अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी ग्राम रथ अभियान प्रदेश के हर ग्राम ढाणी तक विकास की नई रोशनी पहुंचा रहा है। इस अभियान से राजस्थान के नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व्यापक रूप से पहुंच रही है।

भीलवाड़ा जिले में भी ग्राम रथ अभियान को अभूतपूर्व सफलता मिल रही है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में प्रत्येक उपखंड अधिकारी एवं जिला प्रशासन द्वारा रथ गांव-गांव पहुंचकर 13 विभागों की योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।

जिले के ग्रामीणों में ग्राम रथ अभियान को लेकर अत्यंत उत्साह देखने को मिल रहा है। एलईडी पर योजनाओं की जानकारी, लोक कलाकारों की प्रस्तुति तथा सुझाव पेटिका को लोग सरकार का संवेदनशील





कदम बता रहे हैं। वृद्धजनों को पेंशन संबंधी, किसानों को कृषि योजनाओं संबंधी और युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी रथों के माध्यम से एक ही स्थान पर मिल रही है।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के मार्गदर्शन में ग्राम रथ अभियान जिले भर में अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है। भीलवाड़ा में आमजन से अभियान का अत्यंत सकारात्मक फीडबैक मिल रहा है तथा प्रतिदिन योजनाओं के लाभार्थियों से सफलता की कहानियां प्राप्त हो रही हैं। यह अभियान जनभागीदारी का एक अनूठा उदाहरण बनकर उभर रहा है, जिसके माध्यम से हर पात्र व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी सहजता से पहुंच रही है।

' भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ




QUICK BITES

# राज्य सरकार की योजना से कृषक नंदकिशोर को मिला आर्थिक संबल

**फव्वारा संयंत्र ने आसान बनाई सिंचाई समय, श्रम और पानी की हुई बचत**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिले की जहाजपुर पंचायत समिति के ग्राम टीकड़ निवासी किसान नंदकिशोर मीणा राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और कृषि विभाग की फव्वारा (स्प्रिंकलर) सिंचाई योजना से लाभान्वित होकर आज प्रगतिशील खेती की दिशा में अग्रसर हो रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित इस योजना के अंतर्गत नंदकिशोर मीणा को सब्सिडी पर फव्वारा संयंत्र उपलब्ध कराया गया। इस संयंत्र के उपयोग से उनके खेतों में सिंचाई की प्रक्रिया अधिक सरल, प्रभावी और संसाधन-कुशल बन गई है।

फव्वारा सिंचाई तकनीक अपनाने के बाद उनके खेतों में कम पानी में अधिक क्षेत्र की समान रूप से सिंचाई संभव हो रही है, जिससे न केवल जल की बचत हो रही है, बल्कि फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पहले जहां पारंपरिक सिंचाई में अधिक समय और श्रम लगता था, वहीं अब आधुनिक प्रणाली से कम समय में बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

नंदकिशोर मीणा बताते हैं कि राज्य सरकार की सब्सिडी ने उन्हें यह संयंत्र लगाने में आर्थिक संबल प्रदान किया, जिससे उनकी लागत में कमी आई और आय में सुधार हुआ। वे अन्य किसानों से भी अपील करते हैं कि वे राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक तकनीकों को अपनाएं और अपनी आय में वृद्धि करें।

राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियां और प्रभावी क्रियान्वयन किसानों को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# अर्जित अवकाश के नगद भुगतान बंद करने के फैसले के विरोध में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





भीलवाड़ा में कर्मचारी महासंघ एकीकृत द्वारा राज्य सरकार के अर्जित अवकाश के नगद भुगतान को बंद करने के फैसले के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लेते हुए सरकार के इस निर्णय के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह के आह्वान पर भीलवाड़ा जिला अध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में भीलवाड़ा के कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर एडीएम सिटी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा देवटिया को ज्ञापन सौंपा। महासंघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इस निर्णय को वापस नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से राज्य सरकार से इस आदेश को निरस्त करने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि हाल ही में राज्य सरकार के आदेश के तहत कर्मचारियों के अर्जित अवकाश के नगद भुगतान बंद करने का राज्य सरकार विचार कर रही है इसके विरोध में समस्त कर्मचारियों ने अपनी मांग को पुरजोर प्रदर्शित करते हुए भारी विरोध किया और सरकार के इस फैसले को कर्मचारियों के पक्ष में नहीं बताया अगर राज्य सरकार इस तरह का निर्णय ले रही है तो इसके कारण कर्मचारियों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। राजस्थान राज्य के समस्त कर्मचारी पूरी मेहनत के साथ आम जनता के लिए कार्य करते हैं लेकिन सरकार के इस फैसले से वह नाराज है। अगर सरकार इस फैसले को वापस नहीं लेती है तो राज्य भर में इसका कड़ा से कड़ा विरोध किया जाएगा दूसरी मांग महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा में लगे प्लेसमेंट कंप्यूटर ऑपरेटर को सीएसआर संविदा नियमों में लेकर सूची जारी की जाए ज्ञापन में तीसरी मांग के अंतर्गत विजय राज सिंधिया मेडिकल कॉलेज भीलवाड़ा के कर्मचारियों के विलोपित किये गए पद की पुनः बहाली या नये पद श्रृंजन की मांग के साथ ही विगत दो महीने से वेतन नहीं दिया गया है जिसके अभाव में उनका काफी परेशानी उठानी पड़ रही है अतः तुरंत वेतन दिलाने की मांग के साथ ही मांग की गई कि जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर भीलवाड़ा के विद्यार्थियों का स्टाइफंड बढाकर दिलाया जाए ताकि विद्यार्थियों को ऐसे महंगाई के दौर मे अपना गुजारा चलाने मे तकलीफ ना झेलनी पड़े। ज्ञापन देने के अंतर्गत काशीराम नायक, ललित जीनगर, विनोद सोनी, दिनेश तिवारी, पवन देपन, करण सिंह, पवन सेन, सोनू जीनगर, नूर मोहम्मद खान सहित कई कर्मचारी उपस्थित थे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की! अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# राजस्थान तैराकी संघ की वार्षिक बैठक 3 मई को शाहपुरा में

**प्रतियोगिताओं की तारीखें तय होंगी, नए जिलों में संघ गठन पर भी चर्चा**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा-

मूलचन्द पेसवानी

राजस्थान तैराकी संघ की साधारण सभा की वार्षिक बैठक 3 मई को शाहपुरा के तरणताल पर आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे संघ अध्यक्ष अनिल व्यास की अध्यक्षता में संपन्न होगी।

इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर की सभी जिला इकाइयों से दो-दो प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 के अपेक्षित लेखों को पारित किया जाएगा। साथ ही वर्ष 2026 में




आयोजित होने वाली विभिन्न तैराकी प्रतियोगिताओं के स्थान एवं तिथियों का निर्धारण भी किया जाएगा।

इसके अलावा हाल ही में बने नए जिलों में तैराकी संघ के गठन को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा, जिससे प्रदेश में तैराकी खेल को और अधिक मजबूती मिल सके। राजस्थान तैराकी संघ के अध्यक्ष अनिल व्यास ने सभी संबंधित प्रतिनिधियों से बैठक में समय पर उपस्थित होकर सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# हिम्मतपुरा में शंकर भगवान की मूर्ति स्थापना, भक्ति भाव से हुआ कार्यक्रम संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

क्षेत्र की मोहनपुरा पंचायत के हिम्मतपुरा गांव में शंकर भगवान की मूर्ति स्थापना एवं चोदस बंधेज पूर्णाहुति का कार्यक्रम श्रद्धा व उत्साह के साथ आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर हो गया। आचार्य मदनलाल शर्मा एवं गुरुदेव कालूनाथ के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में यजमान



दंपतियों ने विधि-विधान से हवन में आहुतियां अर्पित की। भक्तिमय वातावरण में शंकर भगवान की मूर्ति स्थापना की गई, जिससे समूचा क्षेत्र जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।

कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल, मोहनपुरा सरपंच प्रशासक रामस्वरूप तेली, घीसुलाल मीणा, कल्याण मीणा, रंजीत मीणा, कैलाश तेली, मनोज सनाढ्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भाविप शाखा भगत सिंह ने वृक्षारोपण, जागरूकता रैलियों, सामाजिक गतिविधियों के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पर्यावरण/सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रकार के 7 कार्यक्रमों का हुआ सफल आयोजन**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद की भगत सिंह शाखा द्वारा पर्यावरण/सेवा सप्ताह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया। शाखा सचिव मुकेश छीपा ने बताया कि विगत 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक चले इस पर्यावरण सप्ताह में विभिन्न प्रकार के 7 कार्यक्रमों का सफलता पूर्वक निष्पादन किया गया। शाखा अध्यक्ष कुलदीप माथुर ने बताया की इन सेवा कार्यों में शाखा के लगभग 50 सदस्यों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

शाखा महिला संयोजिका पूनम डाड द्वारा मातृशक्ति के साथ मिलकर विभिन्न विद्यालयों में पर्यावरण




जागरूकता का संदेश दिया गया। साथ ही शाखा कोषाध्यक्ष दीपक तुरकिया एवं अन्य सदस्यों के सहयोग से भीषण गर्मी को देखते हुए राजकीय विद्यालय धंधोलाई में खराब बोरिंग को भी हाथोंहाथ रिपेयर करवा कर तत्काल वापिस लगवाया गया। पर्यावरण एवं सेवा सप्ताह में मुख्य रूप से तुलसी पौधा वितरण, छायादार वृक्षों हेतु पौधारोपण, विद्यालय में विद्यार्थियों को मिठाई एवं उपयोगी सामग्री का वितरण, गोद लिए गए विद्यालय में पेयजल (बोरिंग) सुधार कार्य, रेलवे स्टेशन के बाहर जरूरतमंदों को फूड पैकेट वितरण, पर्यावरण संगोष्ठी (घरेलू कचरे के उपयोग एवं जागरूकता विषय पर) इन सभी कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश समाज में प्रसारित किया गया। शाखा से दीपेश खंडेलवाल, कमलेश लाठी, डॉक्टर कैलाश शर्मा, राकेश भंसाली, नरेंद्र डाड, अनुज मुछाल, रोहित शर्मा, काश जागेटिया, अंकित आगाल, संजय समदानी, सावन मालीवाल, पारस देवी शर्मा, सुरभि लाठी, अनामिका खंडेलवाल, कोमल शर्मा, अंकिता तुरकिया, कविता समदानी, शिल्पा मुछाल, रश्मि काबरा, पूजा आगाल सहित अनेक सदस्यों की उपस्थिति रही। भाविप के विभिन्न पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों, सहयोगकर्ताओं एवं भामाशाहों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इस पूरे आयोजन में शाखा के सदस्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों का भी अच्छा सहयोग देखने को मिला, जिससे पर्यावरण सप्ताह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अष्टम पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित, विधायक मीणा ने दिया जागरूकता का संदेश





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।

(गजानंद जोशी) महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गुरुवार को अष्टम पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक गोपीचंद मीणा ने की।

इस अवसर पर विधायक मीणा ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण से बचाव एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए पोषण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी कुशाल सिंह राणावत ने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि विगत माह में 850 नए लाभार्थियों को जोड़ा गया है।

कार्यक्रम के दौरान गोद भराई व जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न पोषक व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारी, कर्मचारी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में 200 वर्षों पुरानी परम्परा के साथ मनाई गई नृसिंह जयंती

**धानमण्डी स्थित नृसिंह मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, भक्ति और उल्लास से गूंजा वातावरण**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भीलवाड़ा के धानमण्डी क्षेत्र में स्थित प्राचीन नृसिंह मंदिर में इस वर्ष भी लगभग 200 वर्षों पुरानी परम्परा के अनुसार नृसिंह जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम संयोजक मोनू तोषनीवाल ने बताया कि मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था। प्रातःकाल विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद भगवान नृसिंह भगवान की झांकी सजाई गई, जिसने भक्तों को विशेष रूप से आकर्षित किया। शाम के समय भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचनों का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार महाआरती की गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। दिलीप तोषनीवाल ने बताया कि यह परम्परा लगभग दो शताब्दियों से लगातार चली आ रही है और हर वर्ष इसे उसी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। स्थानीय लोगों के लिए यह केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत का भी महत्वपूर्ण हिस्सा है। नृसिंह



किरदार नरेश पांडिया, भक्त प्रहलाद अंश तोषनीवाल, हिरण्यकश्यप का किरदार लाला सोनी ने निभाया। आयोजन में पुजारी भूपेंद्र शर्मा, वाद विवाद मंत्रोच्चार सत्यनारायण सुल्तानिया, गोवर्धन सुल्तानिया सहित अशोक, दिनेश, सोनू, राहुल तोषनीवाल का सहयोग रहा। अंत में प्रसादी का वितरण किया गया।

पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सुरक्षित फसल, मजबूत भविष्यः तारबंदी योजना से मनोज कुमार की नई पहचान

## तारबंदी योजना से बदली किसान की जिंदगी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले की पंचायत समिति जहाजपुर (यज्ञपुर) के ग्राम लुहारीकला निवासी किसान मनोज कुमार मीणा, एक प्रगतिशील किसान हैं। खेती-किसानी के दौरान उन्हें सबसे बड़ी समस्या आवारा पशुओं से फसलों की सुरक्षा की थी, जिससे हर वर्ष उनकी मेहनत और लागत पर विपरीत प्रभाव पड़ता था।

वर्ष 2025-26 में उन्होंने कृषि विभाग द्वारा संचालित 'तारबंदी योजना' के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवेदन किया। प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद नियमानुसार समूह में तारबंदी कार्य पूरा किया गया। इस योजना के तहत प्राप्त




सब्सिडी से उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाला बोझ काफी हद तक कम हुआ। तारबंदी के बाद उनके खेत पूरी तरह सुरक्षित हो गए, जिससे फसलों को नुकसान लगभग समाप्त हो गया। परिणामस्वरूप उन्होंने खरीफ, रबी और जायद सीजन में विभिन्न फसलों एवं सब्जियों की खेती शुरू की, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

मनोज कुमार न केवल स्वयं इस योजना से लाभान्वित हुए हैं, बल्कि वे अन्य किसानों को भी इस योजना के बारे में जागरूक कर रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।

मनोज कुमार ने राजस्थान सरकार और कृषि विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के लिए अत्यंत उपयोगी और लाभकारी सिद्ध हो रही है

# आकोला धर्ममयः पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ व स्वर्ण कलश स्थापना समारोह का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

(जसवंत पारीक)। कस्बे में पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ तथा भगवान लक्ष्मीनाथ, नाहर सिंह माता व तेजाजी महाराज मंदिरों पर स्वर्ण कलश स्थापना समारोह का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हुआ। आयोजन के साथ ही पूरा कस्बा धर्ममय माहौल में रंग गया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष जमनालाल जोशी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में आकोला, होलीरड़ा, खजीना, इंदौकड़ा की झोपड़ियां व रघुनाथपुरा सहित आसपास के गांवों के श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान लक्ष्मीनाथ मंदिर से भगवान के बेवान की शोभायात्रा के साथ हुई, जो बनास नदी किनारे स्थित शिवालय मंदिर पहुंची। यहां यज्ञ में बैठने वाले यजमान दंपतियों का हेमाद्रि स्नान करवाकर हवन किया गया।

इसके बाद शिवालय से 151 प्रभात फेरियों की विशाल यात्रा निकाली गई, जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया





गया। मंदिर पहुंचने पर भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की गई और यज्ञशाला में कलश स्थापित किए गए। यज्ञाचार्य भगवती प्रसाद शास्त्री (दोवनी) के सानिध्य में देवता आह्वान व अग्नि स्थापना की गई, जिसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। रात्रि में लक्ष्मीनाथ मंदिर पर सामूहिक सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया।

आगामी कार्यक्रमों के तहत 1 मई से हवन प्रारंभ होगा तथा 1 से 4 मई तक गोवत्स ममता एवं 5 से 8 मई तक पंडित अनमोल शास्त्री द्वारा नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन किया जाएगा। 8 मई को भगवान शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही मंदिरों के शिखरों पर स्वर्ण कलश स्थापना तथा महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

इस अवसर पर शिवालय आकोला के महंत रामस्नेही दास महाराज के मार्गदर्शन में सियालिया बस्सी आश्रम के महंत त्यागी रामदास , कृष्णा महाराज, आकाश दीप महाराज, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, अनिल पारीक, गोवर्धन वैष्णव, शिवलाल जाट सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महायज्ञ के विभिन्न अनुष्ठानों के लिए श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक बोलियां लगाई। प्रधान कुंड की बोली ?5.41 लाख रुकमन देवी व बृजराज कृष्ण उपाध्याय के नाम रही। हनुमान ध्वज ?61 हजार धर्मेंद्र जगदीश जोशी, ब्रह्म कलश ?31 हजार लादूलाल श्रोत्रीय, विष्णु कलश ?13,100 यश कुमार पारीक, शंकर कलश ?16,100 धर्मेंद्र जोशी तथा यज्ञशाला कलश ?36 हजार मोहन मांगीलाल भाट के नाम रही।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद मनाएगा सेवा सप्ताह

## जरूरतमंद विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म व स्टेशनरी वितरण से होगी शुरुआत

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद, द्वारा आगामी मई माह में 'सेवा सप्ताह' मनाने का निर्णय लिया गया है। इस सेवा सप्ताह की शुरुआत काशीपुरी स्थित विद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म एवं स्टेशनरी वितरण के साथ की जाएगी।

परिषद के जिला संरक्षक हेमंत कोठारी एवं जिला अध्यक्ष मनीष बंब ने जानकारी देते हुए बताया कि 'सेवा सप्ताह' के अंतर्गत अनेक समाजोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें हरी सेवा धाम में निःशुल्क सीमेंट की टंकीया व गौ पात्र वितरण सेवा,



जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरण तथा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजन, गौ शाला में जीव दया कार्य जैसे सेवा कार्य प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि सेवा सप्ताह कार्यक्रम का संयोजक प्राचीर समदानी, नवरतन बाफना, समाजसेवी ललित आंचलिया, सुनील बालर, सीए महावीर गांधी एवं अनुराग बाबेल को सौंपा गया है, जो पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का संचालन एवं समन्वय करेंगे।

परिषद जिलाध्यक्ष मनीष बम्ब ने बताया की 'सेवा सप्ताह' का उद्देश्य समाज में मानवता, सहयोग और संवेदना की भावना को जागृत करना है। परिषद समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा की भावना पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह सप्ताह केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरूकता अभियान के रूप में आयोजित किया जाएगा।

यह निर्णय श्री कृष्ण गौशाला मे आयोजित बैठक में लिया गया, जिसमें परिषद के कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पूर्व पार्षद सुरेश बंब, महिला विंग जिलाध्यक्ष नेहा चोरड़िया, महामंत्री कुसुम श्रीमाल, जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, सीए नवजोत जूनेजा, अमित अग्रवाल, जिला महामंत्री ललित लोढ़ा, मुकेश मेडतवाल, जिला सचिव अभिषेक नेहा पोखरना, सहसचिव कमल वैशनानी, अर्पित नंदावत, ज्ञानचंद पगारिया, जिला संगठन मंत्री सुशील लोढ़ा, कोषाध्यक्ष विनोद सुखवाल एवं सुरेश राजपुरोहित सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# विधायक कोठारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर सख्त निर्देश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी ने गुरुवार को शहर के विभिन्न विद्यालयों का दौरा कर डीएमएफटी एवं समसा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

विधायक कोठारी ने प्रातः राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कावा खेड़ा में डीएमएफटी फंड एवं समसा के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया और गुणवत्ता की जानकारी ली। इस दौरान विद्यालय स्टाफ के साथ एसडीएमसी प्रतिनिधि शिव सिंह एवं अमर सिंह उपस्थित रहे।

इसके बाद उन्होंने महात्मा गांधी राजकीय



विद्यालय सी सेक्टर शास्त्रीनगर में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, जहां एसडीएमसी सदस्य सुभाष दुदानी मौजूद थे। आगे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शास्त्रीनगर में 15 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया, जहां एसडीएमसी सदस्य दिलीप हिंगड़ सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित था। विधायक कोठारी ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, नया हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर में 64.72 लाख रुपये की लागत से बन रहे चार कक्षा-कक्ष, चारदीवारी, स्टेज एवं शौचालय निर्माण कार्यों की प्रगति का भी निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएमसी सदस्य तुलसीराम शर्मा, अनिल दाधीच एवं किशोर लखवानी मौजूद रहे।

इसके पश्चात उन्होंने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय छोटी हरनी में 10 लाख रुपये की लागत से चल रहे कार्यों का अवलोकन किया, जहां एसडीएमसी सदस्य सुरेश प्रजापत एवं विजय सिंह पुरावत उपस्थित थे। साथ ही राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ओडो का खेड़ा में निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, जहां विद्यालय विकास समिति सदस्य छीतरमल गैंगट मौजूद थे। अंत में विधायक ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय हरनी कला में 90.56 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन चार कक्षा-कक्ष एवं तीन हॉल सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण कर मौके पर ही अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। यहां एसडीएमसी सदस्य मुकेश जाट सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद था। विधायक कोठारी ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

इस दौरान निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता संदीप झंवर, सहायक अभियंता साहिल शर्मा एवं सुखी माली सहित शिक्षाविद विवेक निमावत, संजय राठी और दिनेश सुथार भी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### गन्धेरी में सर्पदंश से किसान की मौत

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**



पंचायत समिति क्षेत्र के गन्धेरी गांव में सर्पदंश से एक किसान की मौत हो गई, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। मृतक रामस्वरूप गुर्जर खेत पर हरा चारा काटने गए थे, इसी दौरान खेत में छिपे जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। खेत में अकेले होने के कारण उन्हें समय पर मदद नहीं मिल सकी और मौके पर ही मृत्यु हो गई।

परिजनों ने बताया कि देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोग खेत पहुंचे, जहां वे अचेत अवस्था में मिले। पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर काछोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उप जिला चिकित्सालय कोटड़ी पहुंचाकर पोस्टमार्टम करवाया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।मृतक अपने के वृद्ध माता-पिता, पत्नी व तीन छोटे बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार हैं।

### 1 से 8 मई तक श्रीमद् भागवत सप्ताह व पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ का होगा आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ आगुचा।**

भोजराज में भगवान चारभुजानाथ की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं मातेश्वरी मंदिर में कलश स्थापना के उपलक्ष्य में 1 से 8 मई तक श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ एवं पंचकुंडीय विष्णु नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम ग्रामवासियों के सहयोग से भव्य रूप से आयोजित होगा।

आयोजन के तहत वैशाख सुदी पूर्णिमा, शुक्रवार को विशाल हरि बोल प्रभात फेरी निकाली जाएगी। साथ ही शेख वृंदावन के पंडितों द्वारा प्रतिदिन अलौकिक झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कार्यक्रम में श्री श्री 108 महंत राधेश्याम गिरी महाराज (सुल्तानपुरा), चिंताहरण बालाजी के महंत लवकुश दास जी महाराज (गुलाबपुरा), यज्ञाचार्य मुरली मनोहर शास्त्री (पुष्कर) एवं कथा व्यास पंडित आजाद शर्मा के मुखारविंद से भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।

### विश्वास फाउंडेशन व एकता मंडल ने जीव दया के तहत वितरित की टंकियां, तपती दुपहरी में बेजुबानों की बुझेगी प्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**




वैशाख माह की झुलसाने वाली गर्मी और आसमान से बरसती आग के बीच बेजुबान जानवरों को राहत देने के लिए विश्वास फाउंडेशन और एकता मंडल ने अनूठी पहल की है। संस्था की ओर से शहर में गो-सेवा के संकल्प के साथ गायों के लिए पानी और गोग्रास की टंकियों का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष आशा रामावत ने बताया कि वर्तमान में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, जिससे इंसानों के साथ-साथ पशु-पक्षियों का हाल भी बेहाल है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रथम चरण में 30 टंकियों का वितरण किया गया है। संस्था का लक्ष्य है कि हर घर के आगे पानी की टंकी रखवाई जाए और लोग जिम्मेदारी के साथ उन्हें प्रतिदिन भरें, ताकि राह चलती गायों को प्यासा न भटकना पड़े। कार्यक्रम प्रभारी व पूर्व पार्षद निशा जैन सहित इस सेवा कार्य में मंडल के सभी पदाधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान विश्वास फाउंडेशन के महामंत्री सुनील राठी, लादुलाल वैष्णव, शर्मिला रामावत, कांता बागडोदिया, सीमा जैन, शारदा भदादा, सीमा बनर्जी, ललिता गोयल, मीना टीबरवाल और लाजवंती अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने आमजन से भी अपील की है कि वे इस भीषण गर्मी में जीव दया के इस पुनीत कार्य से जुड़ें और अपने सामर्थ्य अनुसार पशुओं के लिए दाने-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### बसंत विहार, गांधीनगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्वस्थ समृद्धि योग एवं वेलनेस वर्कशॉप आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**




बसंत विहार, गांधीनगर माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्वस्थ समृद्धि योग एवं वेलनेस वर्कशॉप का आयोजन पार्थ वेलनेस सेंटर, गणेश मंदिर में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में सदस्यो ने भाग लेकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई। मंडल अध्यक्ष शोभा राठी एवं सचिव सुनीता लढा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को तन-मन से स्वस्थ एवं समृद्ध बनाना था, जो सफलतापूर्वक पूरा हुआ। सभी प्रतिभागियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। सफेद परिधान में आई महिलाओं ने एकरूपता का सुंदर संदेश दिया। कार्यशाला में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगासन एवं प्राणायाम के साथ लाफ्टर थेरेपी में महिलाओं ने हँसते-हँसाते तनाव दूर किया। योग निद्रा के माध्यम से गहन विश्राम का अनुभव लिया गया। आँखों पर मिट्टी पट्टी से आँखों को शीतलता मिली, वहीं क्लैपिंग थेरेपी से ऊर्जा का संचार हुआ। फन विद योगा सत्र में खेल-खेल में योग का आनंद लिया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी आरुषि राठी, नम्रता कांकानी, श्वेता भूतड़ा एवं नेहा मुंदड़ा के कुशल प्रबंधन में कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ। पार्थ योगा सेंटर हेड व सभी प्रभारी का सम्मान शशि अजमेरा, लीला काबरा, मंजू मोदानी, जया राठी, सीमा रांदेड़, शारदा कोगटा के द्वारा किया गया। कोषाध्यक्ष आरती लढा व संगठन मंत्री अमिता लढा का भी पूरा सहयोग रहा। प्रतिभागी महिलाओं ने इस स्वास्थ्यवर्धक पहल के लिए मंडल का आभार व्यक्त किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।